कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना
बेमेतरा,जिला–बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक / 461 / आईसीडीएस / स्था. / नियु. / 2023–24 बेमेतरा,दिनांक 1.1.2024

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए पद रिक्त होने / पद स्वीकृत होने के कारण इस पद पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन दिनांक 03–01–2024 से 17–01–2024 तक बाल विकास परियोजना कार्यालय बेमेतरा जिला–बेमेतरा वार्ड नं. 10/13 (सिंघौरी) बेमेतरा में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजे जा सकते है।

क्रं.	ग्राम का नाम	ग्राम पंचायत	आं.बा. केन्द्र का नाम	पद का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	डोकला	ताला	डोकला कं. 2	सहायिका

आवेदन किए जाने हेतु निम्नानुसार अर्हताएं है :–

1. आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए । (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह–सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जावेगी।)
2. आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनवाड़ी केन्द्र स्थित है। (शहरी क्षेत्रों में आवेदिका उसी वार्ड की निवासी होनी चाहिए।)
3. निवासी होने के प्रमाण में (1) ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके कमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जावे, अथवा (2) ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड एवं ग्राम में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जावेगा।
4. आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिए:–

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु	8 वीं बोर्ड उत्तीर्ण

क्रमशः 2

टीपः– उपरोक्तानुसार शहरी/ग्रामीण/आदिवासी परियोजना में सहायिका पद हेतु कोई आवेदिका 8 वीं पास नहीं होने पर उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदिका न मिलने पर शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रावधान शिथिल कर कम शैक्षणिक योग्यता के आवेदन पर भी विचार किया जावेगा।

5. अनुभवी सहायिका पर, प्रभावशील गरीबीरेखा परिवार, अनुसूचित जाति, जनजाति, परिवार की महिला होने पर तथा विधवा, परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिला होने पर, अनुसूचित जाति/ जनजाति कन्या आश्रम में पढ़े हुए छाओं को संबंधित प्रमाणित सत्यापित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर, अतिरिक्त अंक दिये जावेगें।

6. ग्रामीण क्षेत्र में गरीबीरेखा अंक के लिए गरीबीरेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिला होने पर (प्रभावशील सूची 2011 मुख्य कार्यापालन अधिकारी, जनपद पंचायत से प्रमाणित होने पर ही अंक दिया जाएगा।

7. सहायिका पद हेतु आठवीं की अंकसूची पूर्णांक/प्राप्तांक सहित अंकतालिका उपलब्ध होने पर ही मान्य होगा।

टीपः– जिन ग्राम में केन्द्र स्वीकृत हुए है,उस ग्राम में निवासरत इच्छुक आवेदिकाओं को ही आवेदन पत्र कार्यालय से प्रदाय किए जायेगें। अन्य ग्राम में निवासरत आवेदिकाओं को आवेदन पत्र नही दिये जायेगें, कार्यालय द्वारा मूल हस्ताक्षर से जारी आवेदन ही मान्य किये जावेंगें आवेदन की फोटोकापी अमान्य होगी। आवेदन कार्यालय से प्राप्त करने एवं आवेदन सभी दस्तावेज सहित (दस्तावेज स्व प्रमाणित हो) कार्यालय में जमा करने की तिथि (कार्यालयीन समय <u>11:00 सुबह से सायंकाल 5:00 तक)</u> दिनांक 03.01.2024 से 17.01.2024 तक ही मान्य है।

कार्यालय का पता :–कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बेमेतरा जिला–बेमेतरा

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
बेमेतरा जिला– बेमेतरा

पृ. क्रं./ 462/आईसीडीएस/स्था./नियु./2023–24 बेमेतरा,दिनांक 1..1..2024

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपंद पंचायत बेमेतरा को सूचनार्थ।
2. जिला कार्यक्रम अधिकारी बेमेतरा को सूचनार्थ।
3. पी.आर.ओ. नगर निगम, बेमेतरा/जिला जनसंपर्क अधिकारी, बेमेतरा को सूचनार्थ एवं समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाने सादर प्रेषित।
4. सर्व पर्यवेक्षक बेमेतरा परियोजना, सूचनार्थ

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
बेमेतरा जिला– बेमेतरा